रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)

PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1544] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, जुलाई 4, 2013/आषाढ़ 13, 1935

No. 1544] NEW DELHI, THURSDAY, JULY 4, 2013/ASHADHA 13, 1935

गृह मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 28 जून, 2013

का.आ. 2002(अ).—विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 4(4) के अनुसार दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति श्री जे.आर. मिढा की अध्यक्षता में गठित अधिकरण, जिसे विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 4(1) के अंतर्गत यह न्याय-निर्णय करने के लिए एक संदर्भ भेजा गया था कि क्या असम के संगठन यूनाइटेड लिब्रेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) को विधिविरुद्ध घोषित किए जाने के लिए पर्याप्त कारण विद्यमान हैं अथवा नहीं, का आदेश को आम जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है :

[सं. 11011/81/2012-एन ई-V]

शम्भू सिंह, संयुक्त सचिव

विधि-विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967
के अधीन अधिकरण

असम के यूनाइटेड लिब्रेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा)

के मामले में :

24.5.2013

कोरम :

माननीय न्यायमूर्ति श्री .जे.आर मिढा

उपस्थित : श्री राजीव मेहरा, एडीशनल सॉलिसीटर जनरल, श्री हिमांशु बजाज, भारत संघ की ओर से केन्द्र सरकार के स्थायी वकील, श्री तुषार सिंह और श्री आशीष विरमानी, भारत संघ की ओर से अधिवक्ता, श्री एस सी रावत, अनुभाग अधिकारी, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के साथ।

सुश्री बरनाली दास के साथ श्री अविजित रॉय, असम राज्य की ओर से अधिवक्ता।

श्री एच.सी. सूरी, रजिस्ट्रार की उपस्थिति में:-

<u>आदेश</u>

1. विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) (जिसे इसमें 'अधिनियम' कहा गया है) की धारा 3 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्र सरकार ने दिनांक 27 नवम्बर, 2012 की अधिसूचना सं. का.आ. 2799 (अ) के तहत यूनाइटेड लिब्रेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) को इसके सभी गुटों, विंगों और प्रमुख संगठनों सहित, विधिविरुद्ध संगम घोषित किया है।

2. उपर्युक्त अधिसूचना के द्वारा केन्द्र सरकार ने यह राय व्यक्त की है कि उल्फा-

2.1 असम को मुक्त कराने के अपने उद्देश्य की प्राप्ति के लिए भारत की संप्रभुता और भू-भागीय अखंडता को विच्छिन्न करने के इरादे से अवैध और हिंसात्मक क्रियाकलापों में लिप्त है;

2.2 इसका असम को भारत से पृथक कराने के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र के अन्य विधिविरुद्ध संगमों के साथ संबंध रहा है;

2.3 इसकी विधिविरुद्ध संगम के रूप में घोषणा किए जाने के दौरान भी यह अपने ध्येयों और उद्देश्यों के अनुसरण में अनेक विधिविरुद्ध एवं हिंसक क्रियाकलापों में संलिप्त रहा है।

3. केन्द्र सरकार ने यह नोट किया है कि उल्फा के विधिविरुद्ध और हिंसक क्रियाकलापों में निम्नलिखित सम्मिलित हैं :-

3.1 1 जनवरी, 2011 से 30 सितम्बर, 2012 तक की अवधि के दौरान हिंसा की पचहत्तर घटनाएं में;

3.2 1 जनवरी, 2011 से 31 तक की अवधि के दौरान चार सुरक्षा बल कार्मिकों सहित ग्यारह व्यक्तियों की हत्या।

3.3 जबरन धन वसूली तथा अलगाववादी गतिविधियों और फिरौती के अपहरण के कृत्यों के अतिरिक्त निर्दोष लोगों के जीवन को खतरे में डालना, और

3.4 सुरक्षा बलों की स्थापनाओं तथा उनके कार्मिकों, राजनैतिक नेताओं, रेलवे और तेल प्रतिष्ठानों को लक्ष्य बनाकर कृत्यों को अंजाम देने के लिए अपने काडरों को अनुदेश देना;

3.5 पड़ोसी देशों में आश्रय स्थलों और प्रशिक्षण शिविरों की स्थापना करना; और

3.6 अपनी हिंसक और विद्रोही गतिविधियों को जारी रखते हुए नए कॉडरों की भर्ती करने के लिए शांत किंतु सुनियोजित तरीके से अभियान चलाकर जमीनी स्तर पर अपने संगठनात्मक नेटवर्क का पुनर्गठन करना।

4. केन्द्र सरकार की यह राय थी कि उपर्युक्त कारणों से उल्फा की गतिविधियां भारत की संप्रभुता तथा अखंडता के लिए हानिकर हैं तथा यह एक विधिविरुद्ध संगम है।

5. केन्द्र सरकार की यह भी राय थी कि यदि उल्फा की विधिविरुद्ध गतिविधियों पर तत्काल अंकुश और नियंत्रण नहीं लगाया गया तो यह अपनी अलगाववादी, विध्वंसक और हिंसक गतिविधियों में वृद्धि करने के लिए अपने कॉडरों को जुटाने, भारत की संप्रभुता और राष्ट्रीय अखंडता के लिए हानिकर ताकतों के साथ मिलकर राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का खुलकर प्रचार करने, और ज्यादा नागरिकों की हत्या करने तथा पुलिस और सुरक्षा बल कार्मिकों को निशाना

बनाने तथा सीमा पार से और अधिक अवैध शस्त्र और गोलाबारूद का प्रापण करने तथा इसे जुटाने और अपनी अवैध गतिविधियों के लिए जनता से भारी मात्रा में निधियां और अवैध करों की वसूली करने के लिए इस अवसर का लाभ उठा सकता है।

6. दिनांक 27 नवम्बर, 1990 की अधिसूचना, जिसके द्वारा उल्फा को प्रारंभ में विधिविरुद्ध संगम घोषित किया गया था, का समय-समय पर विस्तार किया गया। इस संगम को पिछली बार विधिविरुद्ध संगम घोषित करने वाली अधिसूचना 26 नवम्बर, 2012 तक वैध थी।

7. उक्त आधारों और उक्त हिंसक गतिविधियों के आधार पर केन्द्र सरकार की यह राय है कि उक्त अधिनियम के अंतर्गत उल्फा को, इसके सभी गुटों, विंगों और प्रमुख संगठनों सहित दो वर्ष की अवधि तक विधिविरुद्ध संगम घोषित करना आवश्यक है तथा इस संगम के विधिविरुद्ध संगम की घोषणा समाप्त होने की तारीख तथा इस संगठन को विधिविरुद्ध संगम घोषित किए जाने की नई तारीख के बीच कोई अंतराल नहीं होना चाहिए क्योंकि इसमें किसी भी विलंब से इस संगठन को अनुचित लाभ मिलेगा। अत: उक्त अधिनियम की धारा 3 की उप-धारा (3) के परन्तुक के अंतर्गत इस संगठन को 27 नवम्बर, 2012 से तत्काल प्रभाव से विधिविरुद्ध संगम घोषित करना आवश्यक समझा गया।

8. उक्त अधिनियम की धारा 5 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त अपनी शक्ति का प्रयोग करते हुए गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने यह न्याय निर्णय करने के लिए कि क्या उल्फा को विधिविरुद्ध संगम घोषित करने का पर्याप्त कारण है अथवा नहीं, अपनी दिनांक 21 दिसम्बर, 2012 की अनुवर्ती अधिसूचना सं. का.आ. 2979 (अ) के तहत इस अधिकरण का गठन किया।

9. उक्त संदर्भ प्राप्त होने के बाद इस अधिकरण ने इस संदर्भ को 11 जनवरी, 2013 को न्यायालय सं. 32, दिल्ली उच्च न्यायालय, शेरशाह रोड, नई दिल्ली में अपराह्न 4.00 बजे सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर लिया।

10. 11 जनवरी, 2013 को उक्त अधिनियम की धारा 4(2) के अंतर्गत उल्फा को नोटिस की तामीली के 30 दिन के भीतर इस बात का कारण बताने के लिए नोटिस जारी किया गया कि उक्त संगम को विधिविरुद्ध संगम घोषित क्यों नहीं किया जाए और उक्त अधिनियम की धारा 3(1) के अंतर्गत की गई घोषणा की पुष्टि करने संबंधी आदेश क्यों नहीं पारित किया जाए। यह भी निदेश दिया गया कि नोटिस की तामीली उसी प्रकार से की जाए जिस प्रकार से उल्फा पर प्रतिबंध लगाने संबंधी अधिसूचना की तामीली की गई थी। यह भी निदेश दिया गया कि उक्त संगठन को नोटिस की तामीली निम्नलिखित तरीके से की जाएगी :-

10.1 नोटिस की प्रतियां उक्त संगम के कार्यालयों, यदि कोई हों, के प्रमुख भाग पर चिपकाई जाएं;

10.2 उल्फा को नोटिस की तामीली दैनिक समाचारपत्रों में प्रकाशन के द्वारा भी की जाए जिनमें से एक अंग्रेजी में हो तथा एक स्थानीय भाषा का प्रमुख स्थानीय समाचार पत्र हो जिसका इस संगठन की स्थापना वाले इलाके में अथवा असम राज्य और उसके बाहर जहां इसकी मौजूदगी हो, वहां यह चलन में हो;

10.3 उस क्षेत्र में, जहां इस संगम की गतिविधियां सामान्य रूप से चलाई जाती हों, नोटिस की विषय-वस्तु की ढोल पीटकर अथवा लाउडस्पीकरों के द्वारा उदघोषणा करके;

10.4 नोटिस की तामीली इस संगम के पदाधिकारियों को उनके पते पर की जाए अथवा यदि वे नजरबंद हों तो संबंधित अधीक्षक (जेल) के माध्यम से तथा नोटिस को राष्ट्रीय दैनिक समाचारपत्रों में प्रकाशित करके की जाए जिनमें से एक अंग्रेजी में हो तथा एक स्थानीय भाषा का ऐसा प्रमुख स्थानीय समाचारपत्र हो जो असम राज्य में चलन में हो;

10.5 गृह मंत्रालय की वेबसाइट (http://mha.nic.in) पर प्रकाशित करके।

10.6 आकाशवाणी पर घोषणा करके और असम राज्य के स्थानीय प्रसारण एवं पारेषण स्टेशनों से दूरदर्शन पर प्रसारित करके तथा;

10.7 जिला या तहसील यथा व्यवहार्य, मुख्यालय में प्रत्येक जिला मजिस्ट्रेट/तहसीलदार के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करके नोटिस तामील की जानी चाहिए।

11. दिनांक 11 जनवरी, 2013 के आदेश के अनुसरण में श्री एच.सी. सूरी, जिनको अधिकरण के रजिस्ट्रार के रूप में नियुक्त किया गया था, ने इस साक्ष्य के लिए दिनांक 21 फरवरी, 2013 को अपनी रिपोर्ट दायर की कि नोटिस को संगठन के विभिन्न मोडों में तामील/प्रकाशित किया गया था। केन्द्रीय सरकार ने इस संबंध में श्री जी. श्रीधरन, उप सचिव, गृह मंत्रालय, भारत सरकार का दिनांक 22 फरवरी, 2013 का शपथ-पत्र दायर किया कि संगम (उल्फा) को विहित मोडों में तामील किया गया है। असम राज्य ने भी असम सरकार, गृह एवं राजनैतिक विभाग, दिसपुर में उप सचिव, श्री गौतम तालुकदार, ए सी एस का इस संबंध में शपथ-पत्र दायर किया कि अधिकरण द्वारा यथा निदेशित संगठन को प्रकाशन सहित विभिन्न मोडों द्वारा नोटिस तामील किया गया है।

12. नोटिस तामील किए जाने के बावजूद, दिनांक 1 मार्च, 2013 की कार्यवाहियों में अधिकरण के समक्ष उल्फा संगठन की ओर से कोई उपस्थित नहीं हुआ। अधिकरण ने कार्यवाही को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया तथा गवाहों के साक्ष्य तथा प्रति-जांच (क्रॉस-एक्जामिनेशन), यदि कोई हो, को रिकार्ड करने की तारीखें, शिलांग, मेघालय में 19 एवं 20 अप्रैल, 2013 तय की गईं। राज्य सरकार को निदेश दिया गया कि वह अधिष्ठापन की तारीखों तथा अधिकरण के स्थल के बारे में अग्रिम रूप में स्थानीय समाचारपत्रों तथा मीडिया के जरिए समुचित प्रचार-प्रसार करे।

13. अधिकरण की दिनांक 22 मार्च, 2013 की कार्यवाहियों के दौरान, असम राज्य ने साक्ष्य का शपथ-पत्र दायर किया जिसमें उल्फा को विधिविरुद्ध संगम के रूप में घोषित करने के लिए मामले की पुष्टि में असम सरकार के पुलिस विभाग के विभिन्न अधिकारियों के समर्थक दस्तावेजों सहित 27 शपथ-पत्र शामिल हैं। केन्द्रीय सरकार ने भी अपने मामले के प्रमाण में अधिकरण के समक्ष श्री जी. श्रीधरन, उप सचिव, गृह मंत्रालय, भारत सरकार का सारगर्भित शपथ-पत्र दायर किया।

14. अधिकरण की दिनांक 19 अप्रैल, 2013 की कार्यवाहियों के दौरान, असम राज्य ने 15 गवाह प्रस्तुत किए एवं उनकी जांच की अर्थात् एस डब्ल्यू-1, डॉ. संयुक्ता पाराशर, आई पी एस, पुलिस अधीक्षक, जोरहाट जिला, असम, एस डब्ल्यू-2, श्री राणा भूयान, आई पी एस, पुलिस अधीक्षक, डिब्रूगढ़ जिला, असम, एस डब्ल्यू-3, श्री रफीउल आलम लस्कर, आई पी एस, पुलिस अधीक्षक, गोलाघाट जिला, असम, एस डब्ल्यू-4, श्री पृथपाल सिंह, आई पी एस, पुलिस अधीक्षक, तिनसुकिया जिला, असम, एस डब्ल्यू-5, श्री संजीव कृष्णा, आई पी एस, पुलिस अधीक्षक चिरांग जिला, असम, एस डब्ल्यू-6, श्री श्यामल प्रसाद सैकिया, आई पी एस, पुलिस अधीक्षक, गोलपाड़ा जिला, असम, एस डब्ल्यू-7, श्री प्रशांत कुमार भूयान, आई पी एस, पुलिस अधीक्षक, लखीमपुर जिला, असम, एस डब्ल्यू-8, श्री जी.वी. शिव प्रसाद, आई पी एस, पुलिस अधीक्षक, बारपेटा जिला, असम, एस डब्ल्यू-9, श्री मृदुलांदा शर्मा, आई पी एस, पुलिस अधीक्षक, धुबरी जिला, असम, एस डब्ल्यू-10, श्री अभिजीत बोरा, आई पी एस, पुलिस अधीक्षक, बोंगईगांव जिला, असम, एस डब्ल्यू-11, श्री बिजय गिरी कुलीगाम, ए पी एस, पुलिस अधीक्षक, शिवसागर जिला, असम, एस डब्ल्यू-12, श्री आनंद प्रकाश तिवारी, आई पी एस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, गुवाहाटी शहर, कामरूप (मेट्रो) जिला, असम, एस डब्ल्यू-13, श्री भक्त बहादुर छेत्री, ए पी एस, पुलिस अधीक्षक, कार्बी आंगलांग जिला, असम, एस डब्ल्यू-14, श्री विवेक राज सिंह, आई पी एस, पुलिस अधीक्षक, नौगांव जिला, असम, एस डब्ल्यू-15, श्री बीर बिक्रम गोगाई, ए पी एस,

पुलिस अधीक्षक, बकसा जिला, असम, जिन्होंने साक्ष्य में अपने शपथ-पत्र प्रस्तुत किए जिनमें उनके संबंधित क्षेत्राधिकारों में उल्फा की विधिविरुद्ध गतिविधियों के ब्यौरे शामिल थे।

15. अवसर दिए जाने के बावजूद, उल्फा संगम की ओर से कोई हाजिर नहीं हुआ और राज्य के किसी गवाह की प्रति-जांच नहीं की गई। अधिकरण की कार्यवाहियां अगले दिन अर्थात् 20 अप्रैल, 2013 के लिए स्थगित की गईं ताकि शेष गवाहों का बयान रिकार्ड किया जा सके।

16. दिनांक 20 अप्रैल, 2013 को अधिकरण की कार्यवाहियों के दौरान, असम राज्य ने कहा कि अधिकरण की सुनवाई का स्थान वास्तव में होटल पाइनवुड, शिलांग निर्धारित किया गया था किंतु संभार तंत्र संबंधी मुद्दों के कारण स्थान को बदलकर होटल पोलो टॉवर्स, शिलांग करना पड़ा था। आगे यह भी कहा गया कि स्थान बदलने की बात को जनता एवं प्रतिबंधित संगठन के ध्यान में लाने के लिए शुद्धिपत्र को दिनांक 19 अप्रैल, 2013 को प्रकाशित विभिन्न समाचार पत्रों अर्थात् खबर, दैनिक जन्मभूमि, दैनिक जुगसंघ में प्रकाशित किया गया। सरकार द्वारा प्रकाशित उद्धरण वाले चार समाचार पत्र, सरकार द्वारा सौंपे गए तथा इनको रिकार्ड पर लिया गया। असम सरकार ने प्राथमिकी (एफ आई आर), जब्ती सूची, जी डी एंट्री और गवाहों/आरोपियों के बयान की प्रमाणित प्रतियां भी प्रस्तुत कीं जिसके संबंध में दिनांक 19 अप्रैल, 2013 को एस डब्ल्यू-1 को अनुमति प्रदान की गई तथा इसे रिकार्ड पर लिया गया। राज्य सरकार ने दिनांक 20 अप्रैल, 2013 को 8 गवाह प्रस्तुत किए एवं उनकी जांच की। वे हैं : एस डब्ल्यू-16, श्री पी.आर. कार, ए पी एस, पुलिस अधीक्षक, नालबाड़ी जिला, असम, एस डब्ल्यू-17, श्री रत्न के.टी. शर्मा, पुलिस उप निरीक्षक, पुलिस थाना टिहू, नालबाड़ी जिला, असम, एस डब्ल्यू-18, श्री खानिन्द्र दास, पुलिस उप निरीक्षक, पुलिस थाना नालबाड़ी, नालबाड़ी जिला, असम, एस डब्ल्यू-19 श्री जीवन दास, उप निरीक्षक, पुलिस थाना सिमलगुड़ी, शिवसागर जिला, असम, एस डब्ल्यू-20, श्री नेत्र काम सैकिया, उप निरीक्षक, पुलिस थाना मथुरापुर, शिवसागर जिला, असम, एस डब्ल्यू-21, श्री खरगेश्वर राभा, उप निरीक्षक, पुलिस थाना बांगी बोंगईगांव, बोंगईगांव जिला, असम, एस डब्ल्यू-22, श्री सूरेन बाईलुंग, उप निरीक्षक, पुलिस थाना बेरबरुआ, डिब्रूगढ़ जिला, असम, एस डब्ल्यू-23, श्री जाहरलाल बरुआ, उप निरीक्षक, पुलिस थाना छबुआ, डिब्रूगढ़ जिला, असम जिन्होंने साक्ष्य में अपने शपथ-पत्र प्रस्तुत किए जिनमें उनके संबंधित क्षेत्राधिकार में उल्फा की विधिविरुद्ध गतिविधियों के ब्यौरे शामिल हैं।

17. पर्याप्त अवसर दिए जाने के बावजूद, अधिकरण की कार्यवाहियों के दौरान उल्फा की ओर से कोई हाजिर नहीं हुआ तथा इस प्रकार, राज्य के किसी भी गवाह की प्रति-जांच नहीं की गई।

18. दिनांक 16 मई, 2013 को अधिकरण की सुनवाई कान्फ्रेंस हॉल, होटल ब्रह्मपुत्र अशोका, गुवाहाटी, असम में आयोजित की गई। उपर्युक्त समाचार-पत्रों की मूल प्रतियों और दूरदर्शन के दिनांक 10 मई, 2013 के पत्र की प्रति तथा असम राज्य के 16 मई, 2013 के पत्र को रिकॉर्ड में लिया गया। असम राज्य सरकार ने दो गवाह प्रस्तुत किए तथा उनकी जांच की। वे हैं, एस डब्ल्यू-24, श्री जितमोल डोले, पुलिस अधीक्षक, दर्रांग जिला, असम एवं एस डब्ल्यू-25, श्री रूद्रेश्वर डेका, उप निरीक्षक, पुलिस थाना गौरीपुर, धुबरी जिला, असम, जिन्होंने साक्ष्य में अपने शपथ-पत्र प्रस्तुत किए जिनमें उनके संबंधित अधिकार क्षेत्र में उल्फा की विधिविरुद्ध गतिविधियों के ब्यौरे शामिल थे। एस डब्ल्यू-25, श्री रूद्रेश्वर डेका की आगे और जांच को आस्थगित किया गया ताकि पूर्ण रिकॉर्ड प्रस्तुत किया जा सके। पर्याप्त अवसर प्रदान किए जाने के बावजूद, अधिकरण की कार्यवाहियों के दौरान उल्फा की ओर से कोई हाजिर नहीं हुआ तथा राज्य के किसी गवाह की प्रति-जांच नहीं की गई। शेष गवाहों का साक्ष्य रिकार्ड करने के लिए अधिकरण की कार्यवाहियों को 18 मई, 2013 के लिए स्थगित किया गया।

19. दिनांक 18 मई, 2013 को असम सरकार ने तीन गवाह प्रस्तुत किए एवं उनकी जांच की। वे हैं, एस डब्ल्यू-25, श्री रूद्रेश्वर डेका (आगे और जांच के लिए), एस डब्ल्यू-26, सुश्री बन्या गोगोई, पुलिस अधीक्षक, विशेष प्रचालन यूनिट, विशेष शाखा, मुख्यालय, काहिलिपाड़ा, गुवाहाटी एवं एस डब्ल्यू-27, श्री महदानंदा हजारिका, संयुक्त सचिव, गृह एवं राजनैतिक विभाग, असम सचिवालय, दिसपुर, गुवाहाटी। केन्द्रीय सरकार ने सी डब्ल्यू-1 श्री जी. श्रीधरन, उप सचिव, गृह मंत्रालय, भारत सरकार को पेश किया एवं उनकी जांच की। मार्क 'क' से 'ङ' के रूप में चिह्नित संवेदनशील सूचना वाले सीलबंद कवर को भी रिकॉर्ड में लिया गया। मामले को तदनुसार न्यायालय सं. 19, दिल्ली उच्च न्यायालय, नई दिल्ली में दिनांक 20 मई, 2013 को सायं 4.00 बजे सुनवाई के लिए सूची में रखा गया। उल्फा की ओर से पुन: व्यक्तिगत रूप से या परामर्शदाता के जरिए कोई हाजिर नहीं हुआ।

20. मामले की विस्तार से सुनवाई 21, 22 एवं 23 मई, 2013 को हुई। भारत संघ की ओर से विद्वान अपर सालीसिटर जनरल श्री राजीव मेहरा ने और असम राज्य के लिए श्री अविजित रॉय ने बहस की तथा वे गवाहों अर्थात् सी डब्ल्यू-01 एवं एस डब्ल्यू-27 के बयानों पर निर्भर रहे जिनकी विस्तार से चर्चा आगामी पैराग्राफों में की गई है।

20.1 सी डब्ल्यू-01 श्री जी. श्रीधरन, उप निदेशक, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नॉर्थ ब्लॉक ने साक्ष्य में अपना शपथ-पत्र प्रदर्श सी डब्ल्यू-01/1, दिनांक 20 मार्च, 2013, दिनांक 27 नवम्बर, 2012 की अधिसूचना का. आ. 2799 (अ) की प्रति सहित, प्रदर्श सी डब्ल्यू-01/क, दिनांक 17 जून, 2009 की अधिसूचना की प्रति, जिसमें उल्फा को विधिविरुद्ध संगम ठहराया गया है- प्रदर्श-

सी डब्ल्यू-01/ख, दिनांक 5 जुलाई, 2011 की अधिसूचना की प्रति जिसमें माननीय अधिकरण की दिनांक 25 मई, 2011 की रिपोर्ट निहित है- प्रदर्श-सी डब्ल्यू 01/ग, दिनांक 23 जनवरी, 2011 से 31 जुलाई, 2012 तक उल्फा द्वारा की गई बड़ी घटनाओं के ब्यौरे तथा प्रदर्श सी डब्ल्यू-01/घ तथा उल्फा के लक्ष्यों/उद्देश्यों तथा हिंसक घटनाओं का संक्षिप्त ब्यौरा प्रदर्श सी डब्ल्यू-1/ङ प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त, सी डब्ल्यू-01 में उल्फा की विधिविरुद्ध गतिविधियों के बारे में सुरक्षा एजेंसियों एवं स्रोतों तथा राज्य सरकारों से प्राप्त आसूचना इन्पुट एवं सूचना वाला एक सीलबंद कवर भी सौंपा जिसे मार्क 'ङ' के रूप में रिकॉर्ड पर लिया गया है। अभिसाक्षी ने कहा है कि उल्फा की गतिविधियों के बारे में असम राज्य सरकार से प्राप्त सूचना तथा तथ्य के मद्देनजर तथा तथ्यों एवं परिस्थितियों, मामले की पृष्ठभूमि, संबंधित असम राज्य में व्याप्त स्थितियों को देखते हुए केन्द्रीय सरकार ने विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 3 की उप-धारा 1 के अंतर्गत उल्फा को एक विधिविरुद्ध संगम घोषित करके इसको प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया है तथा तदनुसार दिनांक 27 नवम्बर, 2012 को अधिसूचना सं. 2799 (अ) जारी किया। अभिसाक्षी ने कहा कि केन्द्रीय सरकार को आसूचना एजेंसियों एवं असम राज्य सरकार से इन्पुट एवं सूचना प्राप्त हुई थी। सी डब्ल्यू-01 ने राज्य सरकार, रक्षा मंत्रालय, आसूचना ब्यूरो, मंत्रिमंडल सचिवालय (आर ए डब्ल्यू), सी आर पी एफ एवं बी एस एफ की टिप्पणियों एवं विचारों को इस अधिकरण के विचारार्थ एक सील कवर (मार्क ङ) में प्रस्तुत किया। तथापि, चूंकि उसमें निहित सूचना अत्यंत संवेदनशील है, इसलिए सी डब्ल्यू-01 ने बृहत्तर लोक हित में इन दस्तावेजों की विषय-वस्तुओं को जनता के समक्ष प्रकट नहीं करने के संबंध में विशेषाधिकार का दावा किया। अभिसाक्षी ने कहा कि उल्फा का गठन सशस्त्र संघर्ष के जरिए भारत संघ से "असम को आजाद" करने के घोषित उद्देश्य से दिनांक 7 अप्रैल, 1979 को किया गया था तथा उल्फा को 27 नवम्बर, 1990 से विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 के अंतर्गत आरंभ में 'विधिविरुद्ध संगम' के रूप में घोषित किया गया था। पिछली अधिसूचना जिसके अंतर्गत इस संगठन को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 के अंतर्गत 'विधिविरुद्ध संगम' घोषित किया गया है, दिनांक 26 नवम्बर, 2012 तक वैध थी। अभिसाक्षी ने कहा कि उल्फा को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 35 के अंतर्गत 'आतंकवादी संगठन' के रूप में भी घोषित किया गया था। अभिसाक्षी ने कहा कि उल्फा दो गुटों में बंट गया है, एक गुट अरबिंद राजखोवा के साथ है जो यहां इसके बाद प्रो टॉक (पी टी) के रूप में निर्दिष्ट है तथा दूसरे गुट ने पारेश बरूआ, उल्फा के स्वयंभू कमांडर-इन-चीफ द्वारा अपनाए गए कट्टर रूख को अपनाया है जो एंटी टॉक (ए टी) (वार्ता के विरुद्ध)है। उल्फा का ऊपरी एवं निचले दोनों असम में जबरन वसूली की गतिविधियों में लिप्त रहना जारी है। उल्फा (ए टी) के नेता जैसे कि बाबुल गोगोई, मुहिम गोगोई, रोंगमोन गोगोई आदि तथा दृष्टि राजखोवा क्रमशः असम-अरुणाचल सीमा पर तथा मेघालय/बांगलादेश सीमा में जमे हुए हैं तथा अपनी मांगों के अनुपालन हेतु लक्षित लोगों को जबरन वसूली की नोटिस/धमकी देते रहे हैं। उन्होंने

कहा कि उल्फा (ए टी) गुट के नए प्रशिक्षित काडरों को म्यांमार से ऊपरी असम में घुसपैठ कराया जा रहा है तथा विघटनकारी गतिविधियां चलाने के लिए असम-अरुणाचल प्रदेश, असम-नागालैंड, सीमा पर, मेघालय के पश्चिमी गारो हिल्स तथा असम के जोरहाट जिले में स्थित विभिन्न टुकड़ियों को हथियारों की आपूर्ति करने के प्रयास उल्फा (ए टी) के उच्चतर फॉर्मेशन द्वारा किए गए हैं। उल्फा (ए टी) के कॉडर में नफरी लगभग 250 है और उनके पास लगभग 200 हथियार हैं। अभिसाक्षी ने कहा कि बोगाबस्ती, अराकन शिविर, नागा काउंसिल शिविर तथा जनरल मोबाइल मुख्यालय/मोबाइल मुख्यालय, टागा, म्यांमार में उल्फा के 28 बटालियन शिविर का उपयोग आश्रय, भर्ती किए गए लोगों के प्रशिक्षण तथा उल्फा (ए टी) द्वारा हथियारों/विस्फोटकों के भंडारण तथा असम में प्रवेश करने हेतु नागालैंड के एम ओ एन जिले तथा अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले के मार्गों से होकर आतंकी हमले करने के लिए इन शिविरों से अपने काडरों को भेजने के लिए किया जा रहा था। सी डब्ल्यू-01 ने आगे यह भी साक्ष्य दिया कि उल्फा (ए टी) के नेता जैसे कि पारेश बरुआ, स्वयं-भू कमांडर-इन-चीफ, जीबोन मोरान, स्वयंभू लेफ्टिनेंट कर्नल, माइकल डेका फूकन तथा बिजय दास उर्फ चाइनीज, स्वयंभू मेजर्स के म्यांमार में छिपे होने तथा जबरन वसूली, तैनाती तथा हिंसा की योजनाओं के लिए असम में अपने काडरों को अनुदेश दिए जाने की सूचना है। उन्होंने कहा कि उनको पता चला है कि उल्फा असम के नौगांव एवं बकसा जिलों से नए काडरों की भर्ती कर रहा है जिनको प्रशिक्षण के लिए म्यांमार भेजा जाएगा तथा यह भी सूचना है कि दृष्टि राजखोवा, उल्फा के स्वयंभू मेजर एवं वायस सी एस गारो हिल्स, मेघालय में कहीं नए भर्ती किए गए लोगों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर रहे हैं। अभिसाक्षी ने कहा है कि पारेश बरुआ के नेतृत्व वाला उल्फा (ए टी) गुट "असम की आजादी" के लिए सशस्त्र संघर्ष को जारी रखने के अपने रूख पर कायम है तथा इसने अपने संगठन को सुदृढ़ करने के कार्य को जारी रखा है तथा नए काडरों की भर्ती एवं प्रशिक्षण के माध्यम से अपनी सैन्य क्षमता को सुदृढ़ कर रहा है। अभिसाक्षी ने कहा कि वर्ष 2011 के दौरान, संगठन ने हिंसा की 22 घटनाओं में एक सुरक्षा बल कार्मिक को मार दिया था। वर्ष 2012 के दौरान (31 दिसम्बर तक), उल्फा काडरों ने हिंसा की 52 घटनाओं में तीन सुरक्षा बल कार्मिक सहित दस व्यक्तियों की हत्या की है। अभिसाक्षी ने कहा कि ऐसी रिपोर्टें हैं जिससे पता चलता है कि कई उल्फा (पी टी) काडरों ने उल्फा (ए टी) गुट के साथ संबंध बनाए रखा हुआ है। वे अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले के क्षेत्रों, तिनसुकिया जिले के मरघेरिटा क्षेत्र में कोयले की अवैध खनन/बिक्री तथा नदी तट मार्गों से होकर अरुणाचल प्रदेश के लोहित जिले से लकड़ी की तस्करी में लिप्त हैं तथा चूंकि उल्फा संगठनों ने अपनी उन गतिविधियों को जारी रखा जिनके लिए इसे पहले वर्ष 2000, 2002 2004 एवं नवम्बर, 2006 में प्रतिबंधित कर दिया गया था, इसलिए सरकार ने भारत के राजपत्र में प्रकाशित 27 नवम्बर, 2008 की अधिसूचना सं. 2746 (अ) के तहत नवम्बर, 2008 में नए सिरे से प्रतिबंध लगा दिया। अभिसाक्षी ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति रीवा खेत्रपाल वाले

विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिकरण ने इस प्रतिबंध को सही ठहराया तथा अधिकरण का आदेश दिनांक 17 जून, 2009 की अधिसूचना सं. का.आ. 1506 (अ) के तहत भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया गया। अभिसाक्षी ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति सुश्री मुक्ता गुप्ता वाले विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिकरण ने प्रतिबंध को सही ठहराया तथा अधिकरण का आदेश दिनांक 5 जुलाई, 2011 की अधिसूचना सं. 1535 (अ) के तहत भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया गया था। अभिसाक्षी ने कहा कि उपर्युक्त प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद, उल्फा गुप्त रूप से प्रशिक्षण चलाए जाने, जबरन वसूली तथा डरा-धमकाकर निधियां उगाहने सहित अपनी विधिविरुद्ध गतिविधियां चलाता रहा है। उल्फा सदस्यों का राष्ट्र विरोधी तथा विधिविरुद्ध गतिविधियों में लिप्त रहना जारी रहा तथा इसलिए यह आवश्यक है कि उल्फा पर प्रतिबंध को जारी रखा जाना चाहिए। अभिसाक्षी ने कहा कि उल्फा;

(i) असम को स्वतंत्र कराने के अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए भारत की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता को विघटित करने के इरादे से विभिन्न अवैध एवं हिंसक गतिविधियों में लिप्त रहा है;

(ii) उल्फा ने अपने आपको असम को भारत से पृथक करने के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र के अन्य विधिविरुद्ध संगमों के साथ जोड़कर रखा है;

(iii) अपने लक्ष्यों एवं उद्देश्यों के अनुकरण में, विधिविरुद्ध संगम के रूप में घोषणा की अवधि के दौरान कई विधिविरुद्ध एवं हिंसक गतिविधियों में लिप्त रहा है;

20.2 अभिसाक्षी ने कहा कि उल्फा की हिंसक गतिविधियों में निम्नलिखित शामिल हैं -

(i) दिनांक 1 जनवरी, 2011 से 31 दिसम्बर, 2012 की अवधि के दौरान हिंसा की चौहत्तर घटनाएं;

(ii) दिनांक 1 जनवरी, 2011 से दिनांक 31 दिसम्बर, 2012 तक की अवधि के दौरान चार सुरक्षा बलों सहित चौदह व्यक्तियों की हत्या;

(iii) कई जबरन वसूली एवं अलगाववादी गतिविधियों में शामिल होना तथा फिरौती हेतु व्यपहरण की घटनाओं सहित निर्दोष नागरिकों की जिंदगियों को खतरे में डालना;

(iv) सुरक्षा बलों के प्रतिष्ठानों और उनके कार्मिकों, राजनेताओं, रेलवे एवं तेल प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर घटनाओं को अंजाम देने के लिए अपने काडरों को अनुदेश देना;

(v) पड़ोसी देशों में अभ्यारण्यों एवं प्रशिक्षण शिविरों की स्थापना; और

(vi) अपनी हिंसक एवं विद्रोही गतिविधियों को जारी रखते हुए नए काडरों की भर्ती के लिए शांत किंतु सिलसिलेवार अभियान शुरू करके निचले स्तर पर अपने संगठनात्मक नेटवर्क का पुनर्गठन आरंभ करना।

20.3 अभिसाक्षी ने कहा कि यदि उल्फा की विधिविरुद्ध गतिविधियों पर तुरंत रोक एवं नियंत्रण नहीं होता है तो इसको निम्नलिखित के लिए अवसर मिल सकता है:

(i) अलगाववादी, विघटनकारी एवं हिंसक घटनाओं का विस्तार करने के लिए अपने काडरों को एकजुट करना;

(ii) भारत की संप्रभुता एवं राष्ट्रीय अखंडता के शत्रुवत बलों के साथ मिलकर राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का खुलेआम प्रचार-प्रसार करना;

(iii) सिविलियनों की हत्या के बढ़ते मामलों में तथा पुलिस एवं सुरक्षा बल कार्मिकों को निशाना बनाने में लिप्त रहना;

(iv) सीमा पार से और अधिक अवैध हथियारों एवं गोलाबारूदों का प्रापण करना और उनको शामिल करना;

(v) अपनी विधिविरुद्ध गतिविधियों के लिए जनता से काफी निधियां एवं अवैध कर जबरन वसूल करना और एकत्र करना।

20.4 अभिसाक्षी ने कहा कि उल्फा की गतिविधियां शांति एवं आंतरिक सुरक्षा के लिए हानिकारक हैं तथा इस संगठन को वृहत स्तर पर अवैध एवं हिंसक आतंकी गतिविधियों से रोकने के लिए इस संगठन को 'विधिविरुद्ध' के रूप में घोषणा को जारी रखना आवश्यक था क्योंकि इसमें किसी देरी से संगठन को स्थिति का अनुचित लाभ उठाने और अलगाववादी

विघटनकारी, आतंकवादी एवं हिंसक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए अपने काडरों को एकजुट करने का अवसर प्राप्त होगा तथा इससे इस संगठन के नेतृत्व को भारत की सुरक्षा चिंता के शत्रुवत विदेशी शक्तियों की साठगांठ से खुलकर राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों का प्रचार-प्रसार करने का अवसर भी मिलेगा,, ऐसी आकस्मिकता में पुलिस/सुरक्षा बल के लिए अपने द्वारा गिरफ्तार आतंकवादियों को रोके रखना एवं अभियोजित करना कठिन होगा। अभिसाक्षी ने कहा कि केन्द्रीय सरकार ने तत्काल प्रभाव से नए सिरे से प्रतिबंध लगाने को आवश्यक समझा तथा इसलिए विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 के उपबंधों के अंतर्गत केन्द्रीय सरकार का उल्फा को विधिविरुद्ध संगम के रूप में घोषित करने का निर्णय उचित, सही एवं प्रमाणिक है।

21. असम राज्य सरकार ने जिला पुलिस अधिकारियों, जांच अधिकारियों और राज्य सरकार के अधिकारियों का निम्नलिखित साक्ष्य प्रस्तुत किया जिन्होंने संगत दस्तावेजों के साथ इस माननीय अधिकरण के समक्ष अभिसाक्ष्य दिया जिसको विभिन्न प्रदर्शों के जरिए सम्यक रूप से प्रदर्शित किया गया : उल्फा की विधिविरुद्ध एवं हिंसक घटनाओं के परिणामस्वरूप निर्दोष सिविलियनों एवं सुरक्षा कार्मिकों की हत्या हुई और वे घायल हुए जैसा कि प्रदर्श सी डब्ल्यू-01/घ एवं एस डब्ल्यू-26 में प्रस्तुत किया गया है :

i) एस डब्ल्यू-27- श्री महदानन्दा हजारिका, संयुक्त सचिव, असम सरकार, गृह एवं राजनैतिक विभाग, असम सचिवालय, दिसपुर, गुवाहाटी ने प्रदर्श एस डब्ल्यू-27/2 से प्रदर्श एस डब्ल्यू-27/6 के रूप में चिह्नित दस्तावेजों सहित शपथ-पत्र (प्रदर्श-एस डब्ल्यू-27/1) पर साक्ष्य प्रस्तुत किया। प्रदर्श एस डब्ल्यू-27/2, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 3(1) के अंतर्गत गृह मंत्रालय द्वारा जारी दिनांक 27 नवम्बर, 2012 की अधिसूचना है। प्रदर्श एस डब्ल्यू-27/5 प्रतिबंधित अधिसूचना का संविधान है जिसके पृष्ठ 38 पर संगठन ने असम की भूमि पर एक पृथक देश स्थापित करने के अपने उद्देश्य का उल्लेख किया है। प्रदर्श एस डब्ल्यू-27/6 में दिनांक 27 नवम्बर, 2010 से 26 नवम्बर, 2012 तक की अवधि के दौरान प्रतिबंधित संगठन द्वारा अंजाम दी गई घटनाओं का चार्ट एवं सार निहित है। उक्त संगठन पर प्रतिबंध को जारी रखने के देश के निर्णय का भी उल्लेख है। गवाह ने भी माननीय अधिकरण के समक्ष यह कहा कि भारत के शासकीय राजपत्र में प्रकाशित दिनांक 27 नवम्बर, 2012 की अधिसूचना सं. का.आ. 2799 (अ) के तहत उल्फा को विधिविरुद्ध संगठन के रूप में घोषित करना न्यायोचित था तथा उपर्युक्त घोषणा उल्फा की विधिविरूद्ध गतिविधियों, जो भारत की संप्रभुता एवं अखंडता के लिए हानिकारक है, को रोकने एवं नियंत्रित करने के लिए आवश्यक थी (खंड । का पृष्ठ 10, पैरा 23)।

ii) सुश्री बन्या गोगोई, पुलिस अधीक्षक, विशेष प्रचालन यूनिट, विशेष शाखा, असम पुलिस, गुवाहाटी, असम ने अभिसाक्ष्य दिया तथा दस्तावेज प्रदर्शित किए। उनके हलफनामे को प्रदर्श एस डब्ल्यू-26/1 के रूप में प्रदर्शित किया गया था जबकि 11 दस्तावेजों को सत्य अनूदित प्रतियों के प्रदर्श एस डब्ल्यू-26/2 से प्रदर्श एस डब्ल्यू 26/12 के रूप में प्रदर्शित किया गया था। उन्होंने विभिन्न स्रोतों से प्राप्त संवेदनशील सूचना वाले सीलबंद कवर में मूल रिकार्ड को लेकर आई थी और चार सीलबंद कवरों में इसकी प्रतियां प्रस्तुत की थीं। चूंकि उसमें निहित सूचना अत्यंत संवेदनशील है, इसलिए वृहत्तर लोक हित में इन दस्तावेजों की विषय-वस्तुओं को जनता के समक्ष प्रकट नहीं करने के संबंध में विशेषाधिकार का दावा किया गया है। संवेदनशील सूचना की प्रतियों, जिनकी मूल प्रतियां गवाह के पास थीं, वाले चार सीलबंद कवरों को रिकार्ड पर लिया गया था और मार्क 'क' से 'घ' के रूप में चिह्नित किया गया। गवाह ने कहा कि प्रतिबंधित संगठन की विधिविरुद्ध गतिविधियां जारी हैं। ऐसी पिछली घटना दिनांक 19 अप्रैल, 2013 को घटी थी जिसमें प्रतिबंधित संगठन ने तिनसुकिया जिले में असम पुलिस के एक निरीक्षक की हत्या कर दी थी। दिनांक 27 नवम्बर, 2010 से दिनांक 26 नवम्बर, 2012 तक की अवधि के दौरान प्रतिबंधित संगठन द्वारा की गई घटनाओं का सार प्रदर्श एस डब्ल्यू-26/2 के पृष्ठ 188 एवं 189 में चार्ट में निहित है। प्रतिबंधित संगठन द्वारा की गई घटनाओं का जिला-वार सार प्रदर्श एस डब्ल्यू 26/12 के पृष्ठ 190 से 203 में दिया गया है। देश की संप्रभुता एवं अखंडता के हित में संगठन पर प्रतिबंध जारी रहना चाहिए।

iii) प्रदर्श एस डब्ल्यू-1 डॉ. संयुक्ता पाराशर, पुलिस अधीक्षक, जोरहाट जिला ने हाल की एक घटना के रिकार्डों सहित जिले में तीन घटनाओं को प्रमाणित किया। गवाह ने भी अभिसाक्ष्य दिया कि उल्फा के सदस्य सक्रिय थे और वे वृहत स्तर पर विधिविरुद्ध गतिविधियों में लिप्त रहे हैं।

पुलिस थाना जोरहाट में मामला सं. 588/12 में विस्फोटकों सहित हथियारों एवं गोलाबारूदों की बरामदगी के साथ-साथ पाँच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। मामले की जांच से पता चला कि हथियारों/गोलाबारूदों एवं विस्फोटकों को उल्फा सदस्यों के माध्यम से भिजवा दिया गया था।

पुलिस थाना दक्षिण मजूली के अंतर्गत मामला सं. 09/12 में पाँच व्यक्ति घायल हो गए थे। घटना स्थल से हथियार एवं गोलाबारूद भी बरामद किए गए थे। घायलों में से तीन

की बाद में मृत्यु हो गई थी जिनमें से एक की पहचान उल्फा सदस्य के रूप में की गई थी।

दक्षिण मजूली पुलिस थाने के मामला सं. 05/12 में एक उल्फा के सहयोगी को गिरफ्तार किया गया था।

गवाह ने भी यह अभिसाक्ष्य दिया कि दिनांक 26 फरवरी, 2013 को केन्दुगुड़ी में एक ग्रेनेड विस्फोट हुआ था जिससे दो पुलिस कर्मी घायल हो गए थे। एक जिंदा ग्रेनेड भी जब्त किया था। जोरहाट पुलिस थाना में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच के उपरांत यह पाया गया कि ग्रेनेड विस्फोट के लिए उल्फा जिम्मेदार था। इस घटना का उल्लेख दिनांक 26 फरवरी, 2013 के शपथ-पत्र में नहीं किया गया है क्योंकि यह घटना बाद की तारीख में घटी थी। एस डब्ल्यू-1 ने प्राथमिकी की प्रति और अन्य संगत दस्तावेज अभिसाक्ष्य के बाद के दिन में प्रस्तुत किया था।

एस डब्ल्यू-1 ने प्रदर्श एस डब्ल्यू-1/1 से लेकर प्रदर्श एस डब्ल्यू-1/10 के रूप में चिह्नित संगत दस्तावेजों सहित शपथ-पत्र पर साक्ष्य प्रस्तुत किया था।

iv) एस डब्ल्यू-2- श्री राणा भूयान, पुलिस अधीक्षक, डिब्रूगढ़ जिला ने जिले के रिकार्डों से दो घटनाओं को साबित किया जिनमें उल्फा के सदस्य लिप्त थे। एस डब्ल्यू-2 ने अभिसाक्ष्य दिया कि उल्फा के सदस्य बहुत ही सक्रिय हैं और विभिन्न विधिविरुद्ध गतिविधियों जैसे कि निर्दोष लोगों की हत्या, जबरन वसूली और अवैध हथियारों, विस्फोटकों को रखने आदि के कार्य में लिप्त हैं। उन्होंने नियमित रूप से घात लगाकर सुरक्षा बलों और नागरिकों पर हमला किया जिससे काफी लोग हताहत हुए। संगठन की ऐसी गतिविधियां न केवल सरकार के प्राधिकार की अनदेखी कर रहे हैं बल्कि जिले के लोगों में आतंक भी फैला रहे हैं। वे सरकार तथा भारत संघ के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के लिए विभिन्न लोगों को उकसा भी रहे थे।

पुलिस थाना बारबरुआ के अंतर्गत पुलिस दल तथा 4 उपद्रवियों के बीच गोलीबारी से संबंधित मामला संख्या 157/2011 की जांच से पता चला कि उल्फा के सदस्य इसमें शामिल थे।

पुलिस थाना छबुआ के अंतर्गत मामला संख्या 98/2012 में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तार व्यक्तियों की प्राथमिक पूछताछ से पता चला कि दोनों ही व्यक्ति उल्फा के सक्रिय सदस्य थे।

एस डब्ल्यू-2 ने प्रदर्श एस डब्ल्यू-2/1 से लेकर प्रदर्श एस डब्ल्यू-2/13 के रूप में चिह्नित संगत दस्तावेजों सहित शपथ-पत्र पर साक्ष्य प्रस्तुत किया था।

v) एस डब्ल्यू-3- श्री रफीउल आलम लस्कर, पुलिस अधीक्षक, गोलाघाट जिला ने अभिसाक्ष्य दिया कि उल्फा के सदस्य बहुत ही सक्रिय हैं और वे वृहद स्तर पर विधिविरुद्ध गतिविधियों और राज्य के विरुद्ध युद्ध छेड़ने में लिप्त रहे हैं। गवाह ने जिले के रिकार्ड से एक घटना को उद्धृत किया जिसमें प्रतिबंधित संगठन उल्फा शामिल था।

मामला (गोलाघाट पुलिस थाना मामला सं. 496/2012) के संबंध में 3 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया जिसमें एक ने अपने बयान में कबूल किया कि वह उल्फा का सदस्य है।

गवाह ने अपने अभिसाक्ष्य में हथगोले को नष्ट करने की रिपोर्ट सहित एक बोतल हथगोले तथा उल्फा के पत्र शीर्ष पर एक मांग पत्र की बरामदगी के बारे में भी कहा था।

एस डब्ल्यू -3 ने प्रदर्श एस डब्ल्यू-3/1 से लेकर प्रदर्श एस डब्ल्यू-3/20 के रूप में चिह्नित संगत दस्तावेजों सहित शपथ-पत्र पर साक्ष्य प्रस्तुत किया था।

vi) एस डब्ल्यू-4- श्री पृथीपाल सिंह, पुलिस अधीक्षक, तिनसुकिया जिला, असम ने अभिसाक्ष्य दिया कि उनके जिले में उल्फा के सदस्य सक्रिय हैं तथा वे वृहत स्तर पर विधिविरुद्ध गतिविधियों जैसे कि बम विस्फोट, निर्दोष लोगों की हत्या, अवैध हथियारों, गोलाबारूदों, विस्फोटक आदि को रखने तथा असम को भारत के भू-भाग से पृथक करने के लिए भारत संघ के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के लिए नए काडरों की भर्ती में भी लिप्त हैं। उक्त संगठन के सदस्यों ने शांतिप्रिय लोगों में भय पैदा करने के लिए तिनसुकिया जिला में और उसके आसपास विघटनकारी गतिविधियां भी शुरू की। गवाह ने जिले के रिकार्ड

के अनुसार कुछ दृष्टांत उद्धृत किए जिनमें उल्फा के सदस्य विधिविरुद्ध गतिविधियों में शामिल थे।

तिनसुकिया पुलिस थाना में मामला संख्या 3/12 में, संदिग्ध उल्फा उग्रवादी ने हथगोले फेंककर विस्फोट कराया था जिसके परिणामस्वरूप चार पैदल यात्री घायल हो गए थे। इस मामले के संबंध में 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार दोषी व्यक्तियों ने स्वीकार किया था कि वे उल्फा के सहयोगी हैं तथा उल्फा की गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल हैं।

पैनगिरी पुलिस थाना में मामला संख्या 84/2012 में, 3/4 उल्फा काडर के शरण लेने के बारे में गुप्त सूचना प्राप्त होने पर पुलिस ने एक संयुक्त अभियान शुरू किया। संक्षिप्त गोलीबारी के दौरान एक उग्रवादी बुलेट से घायल हो गया तथा दूसरा घने जंगल की आड़ में वहां से भागने में सफल रहा। गोलीबारी रुकने के बाद पुलिस दल ने शीघ्र ही घायल उल्फा काडर को उपचार के लिए सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंचाया किंतु उसे मृत घोषित कर दिया गया। हथियार और गोलाबारूद बरामद कर लिए गए।

बोरडुमसा पुलिस थाना में मामला संख्या 53/2012 में, पुलिस और उग्रवादियों के एक समूह के बीच एक मुठभेड़ हुई जिसके परिणामस्वरूप असम पुलिस के एक कांस्टेबल और एक उग्रवादी को बुलेट लगा। सुरक्षा बलों ने शीघ्र ही उपचार के लिए घायलों को सिविल अस्पताल पहुंचाया जहां उपचार कर रहे डाक्टर ने उग्रवादी को मृत घोषित कर दिया।

गवाह ने यह भी अभिसाक्ष्य दिया कि साक्ष्य देते समय जिला में एक घटना घटी थी जिसमें उल्फा के सदस्यों ने पुलिस पार्टी पर गोली चलायी थी जिससे एक पुलिस निरीक्षक की मृत्यु हो गयी थी। मुठभेड़ अभी भी चल रही थी और इसकी रिपोर्टिंग स्थानीय टी वी चैनलों पर की जा रही थी।

एस डब्ल्यू-4 ने प्रदर्श एस डब्ल्यू-4/1 से लेकर प्रदर्श एस डब्ल्यू-4/3-32 के रूप में चिह्नित संगत दस्तावेजों सहित शपथ-पत्र पर साक्ष्य प्रस्तुत किया था।

vii) एस डब्ल्यू-5- श्री कुमार संजीत कृष्णा, पुलिस अधीक्षक, चिरांग जिला, असम ने अभिसाक्ष्य दिया कि चिरांग जिला में उल्फा अपनी विधिविरुद्ध गतिविधियों में सक्रिय है। गवाह ने जिले के रिकार्डों से एक घटना को उद्धृत किया जिसमें प्रतिबंधित संगठन उल्फा शामिल था। मामले (मामला सं. 34/12, पुलिस थाना धालीगांव) के संबंध में एक उल्फा कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया गया। उसके बयान के अनुसार वह एक प्रशिक्षित उल्फा काडर था और विधिविरुद्ध गतिविधियों में लिप्त रहा था।

एस डब्ल्यू-5 ने प्रदर्श एस डब्ल्यू-5/1 से लेकर प्रदर्श एस डब्ल्यू-5/9 के रूप में चिह्नित संगत दस्तावेजों सहित शपथ-पत्र पर साक्ष्य प्रस्तुत किया था।

viii) एस डब्ल्यू-6- श्री श्यामल प्रसाद सैकिया, पुलिस अधीक्षक, गोलपाड़ा जिला, असम ने अभिसाक्ष्य दिया कि उनके जिले में उल्फा के सदस्य बहुत सक्रिय हैं और व्यापक स्तर पर विधिविरुद्ध और हिंसक गतिविधियों तथा राज्य के विरुद्ध युद्ध छेड़ने में भी लिप्त रहे हैं और गवाह ने जिले में दो घटनाओं को उद्धृत किया जिनमें उल्फा के सदस्य शामिल हैं।

धुपधारा पुलिस थाना के अंतर्गत मामला सं. 44/12 में, दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा साथ ही विस्फोटकों की बरामदगी की गई। उक्त व्यक्ति उल्फा के सक्रिय सहयोगी थे।

मामला संख्या 25/12 के संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था और उसने खुलासा किया कि वह उल्फा का एक सक्रिय सदस्य हैं। उसके कब्जे से हथियार और गोलाबारूद भी बरामद किए गए।

एस डब्ल्यू-6 ने प्रदर्श एस डब्ल्यू-6/1 से लेकर प्रदर्श एस डब्ल्यू-6/9 के रूप में चिह्नित संगत दस्तावेजों सहित शपथ-पत्र पर साक्ष्य प्रस्तुत किया था।

ix) एस डब्ल्यू-7- श्री प्रशांत कुमार, पुलिस अधीक्षक, लखीमपुर जिला, असम ने अभिसाक्ष्य दिया कि उनके जिले में उल्फा अपनी विधिविरुद्ध गतिविधियों में सक्रिय है।

गवाह ने जिले के रिकार्ड से दो घटनाओं को उद्धृत किया जिनमें प्रतिबंधित उल्फा संगठन शामिल था।

बिहपुरिया पुलिस थाने में मामला सं. 168/2012 में, गुप्त सूचना के आधार पर एक तलाशी अभियान चलाया गया और विस्फोटक बरामद किए गए। गिरफ्तार व्यक्तियों में से एक आरोपी ने यह खुलासा किया कि एक कट्टर उल्फा नेता के अनुदेश के अनुसार हथगोले उसके घर में रखे गए थे।

नारायणपुर पुलिस थाना में मामला सं. 77/2012 उल्फा के दो संपर्क व्यक्ति/सहयोगी इस मामले के संबंध में गिरफ्तार किए गए। कट्टर उल्फा नेता से एक आरोपी द्वारा एक हथगोला लिया गया था जिसे श्री हरीश चंडक, अध्यक्ष नगर समिति, नारायणपुर के आवास पर विस्फोट किया जाना था।

एस डब्ल्यू-7 ने संगत दस्तावेजों सहित शपथ-पत्र के बारे में साक्ष्य प्रस्तुत किया। शपथ-पत्र को प्रदर्श एस डब्ल्यू-7/1 के रूप में प्रदर्शित किया गया था जबकि 21 दस्तावेजों और साथ ही सत्य अनूदित प्रतियों को प्रदर्श एस डब्ल्यू-7/2 से लेकर प्रदर्श एस डब्ल्यू-7/22 के रूप में प्रदर्शित किया गया था।

x) एस डब्ल्यू-8-डॉ. जी.वी. शिवप्रसाद, पुलिस अधीक्षक, बारपेटा जिला, असम ने अभिसाक्ष्य दिया कि उनके जिले में यद्यपि उल्फा संगठन बहुत सक्रिय नहीं है तथा उनकी गतिविधियों को कम नहीं आंका जा सकता है क्योंकि वे वृहत् स्तर पर अवैध गतिविधियों तथा राज्य के विरुद्ध युद्ध छेड़ने और लोगों में आतंक फैलाने के कार्य में लिप्त रहा है। वे मांग पत्र भेजकर व्यावसायियों और सरकारी कर्मचारियों से जबरन वसूली और निधियां संग्रह करने के कार्य में भी लिप्त रहा है जिससे लोगों का शांतिपूर्ण जीवन बाधित हुआ है। गवाह ने जिले के रिकार्डों को एक घटना को उद्धृत किया जिसमें प्रतिबंधित उल्फा संगठन शामिल था।

पुलिस थाना सारथेबाड़ी के अंतर्गत मामला संख्या 61/2012 में दो उल्फा संपर्क व्यक्तियों को एक व्यापारी से जबरन धन वसूली के मामले में गिरफ्तार किया गया था।

एस डब्ल्यू-8 ने प्रदर्श एस डब्ल्यू-8/1 से लेकर प्रदर्श एस डब्ल्यू-8/6 के रूप में चिह्नित संगत दस्तावेजों सहित शपथ-पत्र पर साक्ष्य प्रस्तुत किया था।

xi) एस डब्ल्यू-9- श्री मृदुलानन्द शर्मा, पुलिस अधीक्षक, धुबरी जिला, असम ने अभिसाक्ष्य दिया कि उल्फा के सदस्य सक्रिय हैं और वे वृहत् स्तर पर विधिविरुद्ध गतिविधियों तथा राज्य के विरुद्ध युद्ध छेड़ने में लिप्त रहे हैं। गवाह ने जिले के रिकार्डों के अनुसार एक दृष्टांत उद्धृत किया जिसमें उल्फा के सदस्य शामिल थे।

गौरीपुर पुलिस थाना के अंतर्गत मामला सं. 147/11 में एक व्यक्ति को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। पूरी छानबीन के बाद उसके घर में तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान एक 7.62 एम एम पिस्टल और लाइव गोलाबारूद के 4 राउंड तथा विस्फोटक बरामद किए गए। साथ ही आरोपी के घर की तलाशी के दौरान उसकी बड़ी भाभी/साली जो एक कट्टर उल्फा काडर की पत्नी है, जिसके अभी बंगलादेश के जेल में होने की सूचना है, द्वारा लिखे गए तीन पत्र भी बरामद किए गए और गवाहों की उपस्थिति में उनको जब्त किया गया। जैसाकि आरोपी द्वारा कहा गया, उसने उल्फा गतिविधियों से हथियार, गोलाबारूद और विस्फोटक संग्रह किए थे।

एस डब्ल्यू-9 ने प्रदर्श एस डब्ल्यू-9/1 से लेकर प्रदर्श एस डब्ल्यू-9/4 के रूप में चिह्नित संगत दस्तावेजों सहित शपथ-पत्र पर साक्ष्य प्रस्तुत किया था।

xii) एस डब्ल्यू 10 - श्री अभिजीत बोरा, पुलिस अधीक्षक, जिला-बोंगईगांव, असम ने बयान दिया कि उल्फा के सदस्य बहुत सक्रिय हैं और वे बड़े पैमाने पर विधिविरूद्ध गतिविधियों के साथ-साथ देश के खिलाफ युद्ध की कार्रवाइयों में संलिप्त रहे हैं। गवाह ने जिले के अभिलेखों के अनुसार एक घटना का उल्लेख किया जिसमें उल्फा के सदस्य शामिल थे।

बोंगईगांव पुलिस थाना मामला संख्या 314/2012 में एक व्यक्ति को एक जिंदा हथगोले के साथ गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान उस व्यक्ति ने यह रहस्योदघाटन किया कि वह एक उल्फा काडर है और यह स्वीकार किया कि उसने उल्फा के निर्देश पर सुरक्षा बल कार्मिकों पर हथगोला फेंका था। उस विस्फोट में घायल हुए एक व्यक्ति ने बाद में गंभीर रूप से घायल होने के कारण अस्पताल में दम तोड़ दिया।

एस डब्ल्यू 10 ने प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ प्रमाणस्वरूप शपथ-पत्र प्रस्तुत किया जिसे प्रदर्श एस डब्ल्यू 10/1 से प्रदर्श एस डब्ल्यू 10/7 के रूप में दर्शाया गया है।

xiii) एस डब्ल्यू 11 - श्री बिजय गिरि कुलीगाम, पुलिस अधीक्षक, जिला-शिवसागर, असम ने बयान दिया कि उल्फा के सदस्य बहुत सक्रिय हैं और वे बड़े पैमाने पर विधिविरूद्ध गतिविधियों के साथ-साथ देश के खिलाफ युद्ध की कार्रवाईयों में संलिप्त रहे हैं। गवाह ने जिले के अभिलेखों के अनुसार तीन घटनाओं का उल्लेख किया जिसमें उल्फा के सदस्य शामिल थे।

सिमालुगुड़ी पुलिस थाना मामला संख्या 83/11 में जांच के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था जिसने उल्फा का सक्रिय सदस्य होना कबूल किया और उसकी पहचान उल्फा के स्वयंभू सार्जेंट के रूप में हुई थी। उसकी सूचना के आधार पर, पुलिस टीम ने दो रिमोट कंट्रोल विस्फोटक उपकरणों (आरसीईडी) और दो डेटोनेटरों सहित एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया था।

मथुरापुर पुलिस थाना मामला संख्या 29/12 में उल्फा कॉडर के एक गुट ने मथुरापुर पुलिस थाने के कैम्पस में एक हथगोला फेंका था। वह हथगोला अनुचित गन-पाउडर का होने के कारण नहीं फटा था। यह हथगोला उल्फा द्वारा अपने स्थापना दिवस (7 अप्रैल, 2012) के मौके

पर अपनी ताकत का इज़हार करने के लिए पुलिस थाना कैम्पस में फेंका गया था। तदुपरांत, एक उल्फा काडर को एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि उसने पुलिस थाना मथुरापुर कैम्पस में हथगोला उल्फा के निदेश पर फेंका था।

मथुरापुर पुलिस थाना मामला सं. 44/12 में, उल्फा चरमपंथियों के एक समूह ने अभियान के दौरान सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की थी। सुरक्षा बलों ने मोर्चा संभाला और लगभग 20 मिनट तक गोलीबारी जारी रही, जिसके दौरान कुछेक चरमपंथियों को कई एक बुलेट (गोलियां) लगीं। घटना स्थल से हथियार और गोला-बारूद एवं विस्फोटक भी बरामद हुए थे । बाद में एक लम्बे खोज अभियान के उपरांत, कई गोलियों से घायल एक उल्फा चरमपंथी पकड़ा गया था जो बाद में जिंदा बच गया था। उसने खुलासा किया कि हाल के मामले में उसके अलावा उल्फा समूह के तीन और काडर शामिल थे।

एस डब्ल्यू-11 ने प्रासंगिक दस्तावेजों सहित शपथ-पत्र के रूप में प्रमाण प्रस्तुत किए, जिन्हें प्रदर्श एस डब्ल्यू 11/1 से प्रदर्श एस डब्ल्यू 11/15 के रूप में प्रदर्शित किया गया।

(iv) एस डब्ल्यू 12 - श्री ए. पी. तिवारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, गुवाहाटी शहर ने बयान दिया कि उल्फा के सदस्य सक्रिय हैं और वे बड़े पैमाने पर विधिविरुद्ध गतिविधियों के साथ-साथ देश के खिलाफ युद्ध की कार्रवाईयों में संलिप्त रहे हैं। गवाह ने जिले के अभिलेखों के अनुसार एक घटना का उल्लेख किया है जिसमें उल्फा के सदस्य सम्मिलित रहे हैं।

भंगागढ़ पुलिस थाने (मामला सं. 66/11) के अंतर्गत, जी.एस. रोड एबीसी, गुवाहाटी शहर स्थित राजीव भवन परिसर - सत्तारूढ़ असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के राज्य मुख्यालय में एक आईईडी विस्फोट किया गया था । इस विस्फोट के कारण असम प्रदेश कांग्रेस समिति के चार सदस्यों को गंभीर चोटें आयीं। इस विस्फोट के सिलसिले में सात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि गुवाहाटी शहर में इस प्रकार का बम विस्फोट करने के लिए उन्हें उल्फा द्वारा निदेश दिया गया था।

एस डब्ल्यू 12 ने प्रासंगिक दस्तावेजों सहित अपने शपथ-पत्र को प्रमाण-स्वरूप प्रस्तुत किया जिसे प्रदर्श एस डब्ल्यू 12/1 से प्रदर्श एस डब्ल्यू 12/4 के रूप में प्रदर्शित किया गया है।

गवाह ने बयान दिया कि दो दिन पहले, उल्फा ने इलैक्ट्रानिक और प्रिंट मीडिया को एक ई-मेल भेजा था जिसमें उन्होंने बिहू उत्सव में भाग लेने वाले गायकों से हिन्दी गीत न गाने की चेतावनी दी थी । रिपोर्ट प्राप्त होने पर, उल्फा के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने गायक जुबीन गर्ग जिसने बिहू उत्सव में भाग लिया था, को सुरक्षा मुहैया कराई। इस मामले को सभी समाचार पत्रों ने सुर्खियों में प्रकाशित किया था। उन्होंने 'द टेलीग्राफ' अंग्रेजी अंक तथा 'प्रात: खबर' हिन्दी अंक नामक समाचार पत्र प्रस्तुत किए जिनमें यह समाचार सुर्खियों में छपे थे। समाचार पत्रों को क्रमश: प्रदर्श एस डब्ल्यू 12/5 और प्रदर्श एस डब्ल्यू 12/6 के रूप में दर्शाया गया है।

xv) एस डब्ल्यू 13 - श्री भक्त बहादुर छेत्री, पुलिस अधीक्षक, कारबी आंगलांग ने बयान दिया कि उल्फा के सदस्य बहुत सक्रिय हैं और वे विधिविरुद्ध गतिविधियों के साथ-साथ देश के खिलाफ युद्ध की कार्रवाईयों में संलिप्त पाए गए हैं। गवाह ने जिले के अभिलेखों के अनुसार एक घटना का उल्लेख किया जिसमें उल्फा के सदस्य शामिल थे।

एक विशिष्ट सूचना के आधार पर एक व्यक्ति के घर में तलाशी अभियान शुरू किया गया था। तलाशी के दौरान, जब्ती सूची के अनुसार 48 सिम कार्ड बरामद हुए और उन्हें जब्त किया गया था। उक्त व्यक्ति से पूछताछ के दौरान यह तथ्य सामने आया कि वे "सिम" कार्ड प्रतिबंधित उल्फा संगठन के नेताओं को मुहैया कराने के लिए खरीदे गए थे और इन "सिम" कार्डों का उग्रवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए सूचना के लिए इस्तेमाल किया जाना था। इसके उपरांत, तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और जांच में पाया गया कि वे उल्फा के सदस्य थे और देश के खिलाफ युद्ध का षडयंत्र रच रहे थे। यह डोकमोका पुलिस थाना मामला संख्या 16/2011 के संदर्भ में है।

एस डब्ल्यू 13 - ने प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ शपथ-पत्र के रूप में प्रमाण प्रस्तुत किए जिन्हें प्रदर्श एस डब्ल्यू 13/1 से प्रदर्श एस डब्ल्यू 13/6 के रूप में प्रदर्शित किया गया है।

xvi) एस डब्ल्यू 14 - श्री विवेक राज सिंह, भा.पु.से. पुलिस अधीक्षक, जिला-नागांव ने बयान दिया कि उल्फा के सदस्य बहुत सक्रिय हैं और वे बड़े पैमाने पर विधिविरुद्ध गतिविधियों के साथ-साथ देश के खिलाफ युद्ध की कार्रवाईयों में संलिप्त रहे हैं। गवाह ने जिले के अभिलेखों के अनुसार दो घटनाओं का उल्लेख किया जिसमें उल्फा के सदस्य शामिल थे।

गुप्त सूचना के आधार पर, एक तलाशी अभियान शुरू किया गया था जहां दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया था और एक अभियुक्त ने खुलासा किया कि वह उल्फा का सदस्य है (कामरूप पुलिस थाना मामला संख्या 143/12)।

नागांव पुलिस थाना मामला संख्या 334/11 में, एक व्यापारी से जबरन धन वसूली के मामले में एक अभियुक्त ने खुलासा किया कि वह उल्फा का सदस्य है।

एस डब्ल्यू 14 - ने अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ प्रमाण-स्वरूप अपना शपथ-पत्र प्रस्तुत किया जिन्हें प्रदर्श एस डब्ल्यू 14/1 से प्रदर्श एस डब्ल्यू 14/10 के रूप में प्रदर्शित किया गया।

xvii) एस डब्ल्यू 15 - बीर बिक्रम गोगोई, पुलिस अधीक्षक, जिला -बकसा ने बयान दिया कि बकसा जिले में उल्फा के सदस्य बहुत सक्रिय हैं और वे सरकार के प्राधिकार को नकारते हुए बड़े पैमाने पर विधिविरुद्ध और हिसंक गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं और लोगों के बीच आतंक फैलाते रहे हैं। वे निर्दोष सिविलियनों की हत्याओं, सरकारी कर्मचारियों के अपहरण, आम आदमियों से जबरन धन-वसूली, आत्म समर्पण कर चुके उल्फा कार्यकर्ताओं और हिन्दी भाषी लोगों को निशाना बनाने में भी संलिप्त पाए गए हैं और इन गतिविधियों के द्वारा सामान्य जन-जीवन में भारी बाधा खड़ी करते रहे हैं। इन आपराधिक गतिविधियों के कारण विभिन्न पुलिस थानों में उनके विरुद्ध बड़ी संख्या में मामले दर्ज किए गए हैं और समय-समय पर काफी संख्या में उल्फा काडरों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के अभिलेख के अनुसार गवाह ने एक घटना का उल्लेख किया है जिसमें उल्फा के सदस्य शामिल थे।

बारबारी पुलिस थाना मामला संख्या 19/11 में 4 से 5 उल्फा काडरों के एक समूह के पनाह लिए जाने की विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर, एक संयुक्त कार्रवाई दल भेजा गया। वहां कार्रवाई दल और उग्रवादियों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई जो 12 से 15 मिनट तक जारी रही। घटना स्थल से एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली जिसके कई गोलियां लगी थीं, उसके साथ ही हथियार और गोला-बारूद तथा विस्फोटक भी बरामद हुआ। इसके बाद मृतक की एक कुख्यात उल्फा चरमपंथी के रूप में पहचान की गई।

एस डब्ल्यू 15 ने प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ प्रमाण स्वरूप अपना शपथ-पत्र प्रस्तुत किया जिन्हें प्रदर्श एस डब्ल्यू 15/1 से प्रदर्श एस डब्ल्यू 15/4 के रूप में प्रदर्शित किया गया।

xviii) एस डब्ल्यू 16 - पी.आर. कार, पुलिस अधीक्षक, जिला-नालबाड़ी, असम ने बयान दिया कि उल्फा के सदस्य सक्रिय हैं और वे बड़े पैमाने पर विधिविरुद्ध गतिविधियों के साथ-साथ देश के खिलाफ युद्ध की कार्रवाईयों में संलिप्त रहे हैं। गवाह ने जिले के अभिलेख के अनुसार दो घटनाओं का उल्लेख किया जिनमें उल्फा के सदस्य शामिल थे।

टिहू पुलिस थाने में मामला संख्या 79/2011 के तहत, टिहू पुलिस थाना कैम्पस में एक बम विस्फोट हुआ था। इस मामले के सिलसिले में एक व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई थी जिसने कबूल किया कि उल्फा द्वारा उसे टिहू पुलिस थाना कैम्पस में हथगोला फेंकने के लिए लगाया गया था।

